# पाठ्यक्रम (2020-21)
# विषय : संस्कृत
# कक्षा : ग्यारहवीं

## प्रश्न– पत्र की रूपरेखा(संशोधित)

**समय : 3 घण्टे**

**कुल अंक : (लिखित=75+5 सुन्दर लिखाई ) =80**
**आन्तरिक मूल्यांकन = 20**

**नोट– (i)** 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं ।
**(ii)** प्रश्न पत्र में तीन भाग ( क से ग तक ) होंगे ।
**(iii)** प्रश्नपत्र में कुल 14 प्रश्न होंगे।
**(iV)** सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

## भाग क
## अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

**नोट–**इस भाग में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही/गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के **प्रश्न** पूछे जा सकते हैं ।

1 स्त्री प्रत्यय के पाँच रूप दिये जायें जिनमें चार करने को कहा जाए 4x1=4

2 पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सात शब्द सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए दिये जाऐं जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए ।

**अथवा**

पाठ्यक्रम में दिए गए समासों से संबंधित सात समस्त पद दिए जाएं जिनमें से पाँच का विग्रह करने को कहा जाए ।

5x1=5

3 पाठ्यक्रम के अनुसार पाँच धातुओं के साथ कृदन्त प्रत्यय लगाने के लिए दिए जाएं जिनमें से तीन करने को कहा जाए ।

**अथवा**

पाठ्यक्रम के अनुसार पाँच धातुओं के साथ क्त्वा प्रत्यय के रुप तथा ल्यप् प्रत्यय के रूप बनाने के लिए दिए जाएं जिनमें से तीन करने को कहा जाए 3x1=3

4 कारक सम्बन्धी अशुद्धि वाले पाँच वाक्य दिये जायें जिनमें से तीन वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये ।

अथवा

वाच्य परिवर्तन के पाँच वाक्य दिए जाएं जिनमें तीन वाक्य हल करने को कहा जाए। 3x1=3

5 पाठ्यक्रम में दिए गये संज्ञा शब्द रूपों में से सात शब्दरूपों में से प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । 5x1=5

6 पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित सात धातुरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच का उत्तर लिखने को कहा जाए । 5x1=5

7 पाठ्यक्रम में से तुलनात्मक प्रत्यय : विशेषणों के साथ केवल तरप् तथा तमप् प्रत्यय के छ: रूप दिये जायें जिनमें चार करने को कहा जाए ।

अथवा

तद्धित प्रत्यय केवल भाववाची त्व और ता प्रत्यय के छ: रूप दिये जायें जिनमें चार करने को कहा जाए। 4x1=4

8 संस्कृत में सात प्रश्न दिए जाएं । जिनमें से पाँच का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए । 5x1=5

## भाग ( ख ) नाटक भाग

9 (क) नाटक भाग में से दो गद्यांश दिए जाएं जिनमें से एक का अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेजी में लिखने को कहा जाए । 4x1=4

(ख) नाटक के अभ्यासों में से चार प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से दो का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए । 2x2=4

## भाग –ग

10 तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में करने को कहा जाए । 2x5=10

11 तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में लिखने को कहा जाए। 2x5=10

12 पाठों के अभ्यासों में से सात प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए । 5x1=5

13 पाठों के अभ्यासों में से छ: रिक्त स्थान पूर्ति के वाक्य दिए जाएं जिनमें से चार रिक्त स्थानों की पूर्ति करने को कहा जाए। 4x1=4

अथवा

यथानिर्दिष्ट परिवर्तन के छ: वाक्य दिए जाएं जिनमें से चार वाक्यों में परिवर्तन करने को कहा जाए।

14 हिन्दी के आठ वाक्य दिए जाएं जिनमें से चार वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए । 4x1=4

**निर्धारित पाठ्य पुस्तक : संस्कृत सौरभम् ११ – पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित ।**